## US-VISIT, जीवसांख्यिकी और आप

अमरीकी Homeland Security विभाग के US-VISIT कार्यक्रम में वीज़ा जारी करने वाले अमरीकी स्थलों और प्रवेश के पत्तनों को जीवसांख्यिकी (बायोमैट्रिक) प्रौद्योगिकी प्रदान की जाती है, जो अमरीकी सरकार को आपके अमरीका आने पर आपकी पहचान का पता लगाने और इसका सत्यापन करने में सहायता करती है। आप्रवास अधिकारी वीज़ा–निर्गम तैयार करने और प्रवेश निर्णय लेने में अपनी सहायता के लिए इस सूचना का उपयोग करते हैं।

इसके अतिरिक्त, आपकी जीवसांख्यिकी-डिज़िटल उंगली छापों और फोटोग्राफों-को आपके यात्रा दस्तावेज़ों के गुम होने या चोरी हो जाने की स्थिति में आपकी पहचान की रक्षा करने में सहायता करने के लिए एकत्र किया जाता है। नामों और जन्म की तारीखों के विपरीत, जिन्हें बदला जा सकता है, आपकी जीवसांख्यिकी अनूठी होती है और इसमें हेर–फेर करना लगभग असम्भव है। जीवसांख्यिकी एकत्र करने से अमरीकी सरकार को लोगों को देश में अवैध रूप से प्रवेश करने के लिए कपटपूर्ण दस्तावेज़ों का उपयोग करने से रोकने में भी सहायता मिलती है।

जीवसांख्यिकी के उपयोग से US-VISIT को निम्नलिखित उतने ही महत्त्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता मिलती है:

- हमारे नागरिकों और आगंतुकों की सुरक्षा में वृद्धि करना
- वैध यात्रा और व्यापार को सुकर बनाना
- आप्रवास प्रणाली की सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करना
- हमारे आगंतुकों की निजता की रक्षा करना

## आपकी निजता की रक्षा करना

US-VISIT हमारी राष्ट्रीय सीमाओं और आप्रवास प्रणाली की रक्षा करने में सहायता करते हुए व्यक्तियों की निजता बनाए रखता है। US-VISIT द्वारा एकत्र की गई निजी सूचना का उपयोग केवल उन्हीं उद्देश्यों के लिए किया जाएगा, जिनके लिए इसे एकत्र किया गया था, बशर्ते कानून द्वारा विशिष्ट रूप से प्राधिकार या अधिदेश न दिया गया हो।

निजी सूचना और US-VISIT कार्यक्रम से संबंधित प्रश्न www.dhs.gov/trip पर Homeland Security विभाग के यात्री सुधार पूछताछ कार्यक्रम (Department of Homeland Security's Traveler Redress Inquiry Program - DHS TRIP) को भेजे जा सकते हैं।

आप US-VISIT निजता अधिकारी, US-VISIT कार्यक्रम, Homeland Security विभाग, वाशिंगटन DC 20528 (US-VISIT Privacy Officer, US-VISIT Program, Department of Homeland Security, Washington, DC 20528) या usvisitprivacy@dhs.gov को भी ये प्रश्न भेज सकते हैं।

**www.dhs.gov/us-visit**


Form DHS-M-1-Hindi (01/08)

# US-VISIT

अमरीका के द्वार खुले रखना और हमारे राष्ट्र को सुरक्षित रखना

U.S. DEPARTMENT OF HOMELAND SECURITY

Homeland Security



## अमरीका आने पर क्या अपेक्षा करनी चाहिए

अमरीका एक ऐसा राष्ट्र है, जहाँ विविधता का आनन्द उठाया जाता है और पूरे विश्व के लोगों का स्वागत किया जाता है। नीचे दी गई सूचना से आपको जीवसांख्यिकी एकत्र करने की प्रक्रिया में सहायता मिलेगी क्योंकि इसका उपयोग अमरीकी वीज़ा–निर्गम स्थलों और अमरीकी हवाई अड्डों और समुद्री पत्तनों पर किया जाता है।

*जीवसांख्यिकी प्रक्रियाएं-डिज़िटल उंगली छापों और फोटोग्राफों को एकत्र करना-गैर अमरीकी पासपोर्ट या वीज़ा वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों पर लागू होती हैं।*

## वीज़ा के लिए आवेदन करने पर




अगर आपको वीज़ा की आवश्यकता है, तो आपको आवेदन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में साक्षात्कार के लिए अपने नज़दीकी वीज़ा जारी करने वाले स्थल में अवश्य जाना चाहिए। इस साक्षात्कार के दौरान, आप इनके लिए राज्य विभाग के वाणिज्य दूतावास के अधिकारी से इनकी अपेक्षा कर सकते हैं:

- आपके वीज़ा आवेदनपत्र और सहायक दस्तावेज़ों की समीक्षा करना
- आपकी जीवसांख्यिकी एकत्र करना (10 तक डिज़िटल उंगली छापें और एक डिज़िटल फोटोग्राफ)


पूर्ण वीज़ा आवेदनपत्र प्रक्रिया के लिए www.UnitedStatesVisas.gov पर जाएं।

## हवाई मार्ग या समुद्र द्वारा अमरीका के रास्ते में




विमान सेवा या समुद्री जहाज़ के प्रतिनिधि आपको अमरीका पहुंचने से पहले भरने के लिए सफेद फॉर्म I-94 (अगर आप वीज़ा धारक हों) या हरा फॉर्म I-94W (अगर आप वीज़ा से छूट प्राप्त कार्यक्रम के यात्री हों) देंगे।

## आगमन पर



एक सीमा–शुल्क और सीमा रक्षा अधिकारी (Customs and Border Protection officer) निरीक्षण प्रक्रिया के दौरान आपका मार्गदर्शन करेगा। अपने यात्रा दस्तावेज़, जैसे अपना पासपोर्ट और फॉर्म I-94 या फॉर्म I-94W तैयार रखें।



अधिकारी आपके यात्रा दस्तावेज़ों की समीक्षा करेगा और आपसे प्रश्न पूछेगा, जैसे आप क्यों आ रहे हैं और आप कितनी अवधि तक ठहरेंगे।




अधिकारी आपकी 10 उंगली छापों तक की बारीकी से जाँच करेगा और डिज़िटल कैमरे से आपका फोटोग्राफ लेगा।




जब आप प्रक्रिया को पूरा कर चुके होंगे, तब अधिकारी आपको बताएगा।

## प्रस्थान पर



जब आप देश छोड़ते हैं, तो आपको विमान सेवा या समुद्री जहाज़ के प्रतिनिधि को अपना फॉर्म I-94 या फॉर्म I-94W वापस करना चाहिए। अपना फॉर्म वापस करके आपने अमरीकी प्रवेश–निकासी प्रक्रिया पूरी कर ली है।




आपको वर्तमान में जीवसांख्यिकी निकास कीऑस्क पर चेक आउट नहीं करना है क्योंकि DHS ने जीवसांख्यिकी निकास प्रक्रियाओं का प्रायोगिक परीक्षण पूरा कर लिया है। फिर भी, भविष्य में घोषित की जाने वाली किसी तारीख पर आपको अमरीका से प्रस्थान करते समय जीवसांख्यिकी प्रदान करनी होगी।

## और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए...

- US-VISIT के बारे में और अधिक जानकारी के लिए *www.dhs.gov/us-visit* पर जाएं
- US-VISIT के बारे में इलेक्ट्रॉनिक नवीनतम जानकारी प्राप्त करने के लिए *subscribeusvisit@dhs.gov* को ई–मेल भेजें
- अमरीकी सीमा–शुल्क और सीमा रक्षा विभाग के बारे में और अधिक जानकारी के लिए *www.cbp.gov* पर जाएं
- अमरीकी राज्य विभाग के बारे में और अधिक जानकारी के लिए *www.travel.state.gov* पर जाएं